उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. 239/गोपन/2024-25 दिनांक/Date 02/09/2024.

विज्ञप्ति

आयोग द्वारा स्नातक स्तरीय पदों (सहायक समाज कल्याण अधिकारी, सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुन्सरिम, रीडर, कार्यालय सहायक–तृतीय, सहायक समीक्षा अधिकारी, फोरमैन परिसम्पत्ति, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी) हेतु विज्ञापन संख्या 49/उ0अ0से0च0आ0/2023 दिनांकः 13 अक्टूबर, 2023 जारी किया गया है।

उक्त पदों हेतु लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनाकः 31 दिसंबर, 2023 को आयोजित की गई, जिसके आधार पर 16 मई, 2024 को अभिलेख सत्यापन हेतु औपबंधिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वेबसाइट पर जारी की गई। उक्त औपबंधिक श्रेष्ठता सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन दिनांकः 19.06.2024 से 24.06.2024 तक आयोग कार्यालय में किया गया।

अभिलेख सत्यापन एवं अभ्यर्थियों से प्राप्त वरीयता के उपरांत विज्ञापन में विज्ञापित सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, रीडर, मुन्सरिम, सहायक समीक्षा अधिकारी (उत्तराखण्ड सूचना आयोग), कार्यालय सहायक तृतीय (उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिमिटेड), कार्यालय सहायक तृतीय (पॉवर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड) के लिए मांगी गई टंकण अर्हता के अनुसार टंकण परीक्षा दिनांकः 05 सितंबर, 2024 को प्रस्तावित की गयी थी।

अपरिहार्य कारणों से उक्त टंकण परीक्षा अब दिनांकः 05.09.2024 के स्थान पर दिनांक 18.09.2024 से निर्धारित की जाती है। अतः अभिलेख सत्यापन में उपस्थित एवं अर्ह अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि टंकण परीक्षा के लिए संबंधित पदों की टंकण संबंधी अर्हता का भली–भांति अध्ययन कर लें। अभ्यर्थियों को टंकण परीक्षा के स्थान व समय संबंधी सूचना शीघ्र ही आयोग की वैबसाइट पर पृथक से प्रकाशित की जायेगी।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव।